आकाशवाणी केन्द्र शिमला

24.08.2025 / प्रादेशिक समाचार / 11.00 बजे

पशु मित्र

प्रदेश सरकार ने पशुपालन विभाग में चतुर्थ श्रेणी के खाली पद भरने के लिए पशु मित्र नीति अधिसूचित कर दी है। भर्ती प्रक्रिया के लिए संबंधित जिलों में पशुपालन विभाग के उपनिदेशक पदों को विज्ञापित करेंगे। इन पदों पर भर्ती के लिए आयु सीमा 18 से 45 वर्ष तथा शैक्षणिक योग्यता दसवीं उत्तीर्ण निर्धारित की गई है।

मुकेश अग्निहोत्री

उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा है कि माता श्री चिंतपूर्णी मंदिर के सौंदर्यीकरण पर 250 करोड़ रुपये व्यय किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए सुगम दर्शन प्रणाली लागू की गई है, जिससे भीड़ प्रबंधन बेहतर हुआ है और वृद्धजनों व दिव्यांगजनों को विशेष सुविधा मिल रही है। उन्होंने कहा कि मंदिर में ऑनलाइन लंगर बुकिंग और ऑनलाइन दर्शन जैसी डिजिटल सेवाएं भी आरंभ की गई हैं। उन्होंने बताया कि प्रसाद योजना के तहत माता श्री चिंतपूर्णी मंदिर के लिए 56 करोड़ 26 लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई है, जिससे धार्मिक पर्यटन और आध्यात्मिक विरासत को सुदृढ़ किया जाएगा। इससे पहले उन्होंने परिजनों सहित माता श्री चिंतपूर्णी मंदिर में शीश नवाया और प्रदेशवासियों के सुख–समृद्धि और उत्तम स्वास्थ्य की कामना की।

अंतरिक्ष यात्री

गगनयान मिशन के अंतर्गत भारत के मानवयुक्त अंतरिक्ष यान अभियान के लिए चुने गए चार अंतरिक्ष यात्रियों को आज नई दिल्ली में सम्मानित किया जाएगा। समारोह में भारतीय वायु सेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला, प्रशांत बालकृष्णन नायर, अजीत कृष्णन और अंगद प्रताप को सम्मानित किया जाएगा। इन्होंने भारत के गगनयान मिशन के लिए कठोर प्रशिक्षण लिया है।

जगत सिंह नेगी

राजस्व, बागवानी व जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी ने कल सोलन के परवाणू में एच.पी.एम.सी. के फल विद्यायन संयंत्र का निरीक्षण किया। बागवानी मंत्री ने फल विद्यायन संयंत्र में जूस तैयार करने के कार्य का अनुश्रवण कर अधिकारियों को उचित दिशा–निर्देश दिए। इस अवसर पर उन्होंने ट्रांसपोर्टर व अन्य के साथ बातचीत की और विभिन्न समस्याओं का समयबद्ध निपटारे का आश्वासन दिया।

मणिमहेश यात्रा

चम्बा जिला में चल रही मणिमहेश यात्रा फिर से शुरू हो गई है। एडीएम भरमौर कुलबीर राणा ने बताया कि भारी बारिश के चलते सुंदरासी में हुए भू–स्खलन से यात्रा को रोका गया था लेकिन विभिन्न टीमों के सहयोग से मलबा हटाकर इसे आज सुबह से फिर से शुरू कर दिया गया है। उन्होंने यात्रियों से अपील की है कि सकुशल यात्रा करें और भारी बारिश में अपने स्थानों पर सुरक्षित रुके रहें।

## मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अनेक भागों में वर्षा का क्रम रूक–रूक कर जारी है। हालांकि राजधानी शिमला व इसके आसपास के क्षेत्रों में हल्की धूप लगी है। मंडी तथा कुल्लू जिलों में वर्षा का समाचार है। मौसम विभाग ने 26 अगस्त तक अनेक ज़िलों में भारी वर्षा का येलो अलर्ट जारी किया है। भूस्खलन से प्रदेश में एक राष्ट्रीय उच्च मार्ग सहित 3 सौ 13 सड़कें यातायात के लिए अवरूद्ध हैं। इसके अलावा 97 बिजली ट्रांसफार्मर और 51 पेयजल योजनाएं भी ठप्प हैं। वर्षा से जुड़ी घटनाओं में राज्य में अब तक 2 सौ 98 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 37 अभी भी लापता हैं।

## राष्ट्रीय लोक अदालत

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण किन्नौर के सचिव व अतिरिक्त मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी जितेन्द्र सैनी ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत 13 सितम्बर, 2025 को आयोजित जाएंगी। राष्ट्रीय लोक अदालत के समक्ष धारा 138 के तहत एन.आई अधिनियम से संबंधित मामले, मनी–रिकवरी, श्रम विवाद, बिजली व पानी, भरण–पोषण व आपराधिक कम्पाउन्डेंबल व दीवानी विवाद से संबधित मामले शामिल किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि अपने–अपने न्यायिक क्षेत्र के तहत मामलों की सुनवाई के लिए संपर्क कर सकते हैं।